Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 20-12-2005

Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

>

Title : Need to re-open those Post Offices in Ajmer and surrounding areas of Rajasthan which have been closed or merged with other Post Offices.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्ति करना चाहूंगा कि मेरे निर्वाचन क्षेत्र में कई उप-डाकघरों को बंद कर दिया गया है जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ये उप-डाकघर बड़े उपयोगी थे और घनी बस्तियों के बीच में थे। केवल पास के डाकखाने में मिलाने के लिए सरकार जानबूझकर कोर्ट में केस हार गयी क्योंकि किराये के मकान में ये उप-डाकघर चलते थे। परिणामस्वरूप कई उप-डाकघर अनार्थिक घोाति करके बंद कर दिये गये जिससे जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसमें खासकर अजमेर शहर के तोपदड़ा, कचहरी रोड, मेयो कालेज, मूंदड़ी मौहल्ला, ब्यावर शहर के चांगगेट, मेवाड़ी बाजार, विजयनगर, नसीराबाद, रेजीमेंटल सैंटर आदि के कई उप-डाकघरों को धड़ाधड़ बंद किया जा रहा है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि बंद किये गये उप-डाकघर जनता के लिए बहुत उपयोगी थे इसलिए उन्हें पुन: प्रारंभ किया जाये। इस बारे में कहा जा रहा है कि यह ऊपर की नीति है। सरकार स्पट करे कि डाकघरों, उप-डाकघरों के बारे में सरकार का क्या आदेश है ? अधिकारी मनमाने आदेश लेकर केवल वाहवाही लूटने के लिए लोगों को बेरोजगार कर रहे हैं। जब ये उप-डाकघर बंद कर दिये गये, तो कई अतिरिक्त विभागीय डाक कर्मचारियों को नौकरी से निकाला जा रहा है। मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि उनकी नौकरियां सुरक्षित की जायें और उप डाकघरों को बंद नहीं किया जाये।